साई चरण की लगाकर धूल

साई चरण की लगाकर धूल चरणों में रखना श्रद्धा के फूल,
कर देंगे साई क्षमा तेरी भूल हो जाएगी तेरी अर्जी कुबूल......

चिंता नहीं चिंतन करो, साई का सुमिरन करो,
जो भी राहो में मुश्किल हो बाबा का बस ध्यान धरो,
हट जाएगी तेरी राहों की धूल हो जाएगी तेरी अर्जी कुबूल,
साई चरण की लगाकर धूल चरणों में रखना श्रद्धा के फूल......

साई की महिमा आपार है भर दे सभी के भण्डार के,
तू भी जा के देख ले बाबा का प्यारा दरबार है,
सब कुछ करेंगे तेरे अनुकूल हो जाएगी तेरी अर्जी कुबूल,
साई चरण की लगाकर धूल चरणों में रखना श्रद्धा के फूल......

साई कृपा हो जाएगी, हर बिगड़ी बन जाएगी,
आने वाली विपदा भी, पल भर में टल जाएगी,
गर तू समझलेगा मंत्रो का मूल, हो जायेगी तेरा अर्जी कुबूल,
साई चरण की लगाकर धूल चरणों में रखना श्रद्धा के फूल.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29431/title/sai-charan-ki-lagakar-dhool

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |